राष्ट्रीय सेवा योजना
वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय,जौनपुर

Website:www.vbspu.ac.in Email.ID: nssvbspu.jnp@gmail.com

पत्रांकः **43** /पू0वि0वि0/रा0से0यो0/2025–26 दिनांक–15.09.2025

प्रेषक–

डॉ0 राज बहादुर यादव
कार्यक्रम समन्वयक(राष्ट्रीय सेवा योजना),
वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय,
जौनपुर–मो0 नं0–9452981191

सेवा में,

प्राचार्य/कार्यक्रम अधिकारी (राष्ट्रीय सेवा योजना)
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय, वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय,
जौनपुर।

विषय– माय भारत पोर्टल के माध्यम से (VBYLD) क्विज प्रतियोगिता में प्रतिभागिता के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक भारत सरकार, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, युवा कार्यक्रम, रा0से0यो0 क्षेत्रीय निदेशालय, लखनऊ के पत्र संख्या–40–08/रा0से0यो0/क्षे.नि./लख/2025–26/5989–6146 दिनांक 10 सितम्बर, 2025 तथा शासन के पत्र संख्या–345/सत्तर–रा0से0यो0को0/2025 दिनांक–11 सितम्बर, 2025 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से केन्द्रीय राज्य मन्त्री, भारत सरकार, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय की अध्यक्षता मे दिनांक–10.09.2025 को आयोजित की गई आनलाइन बैठक में प्राप्त दिशा–निर्देशों के सम्बन्ध में आपको अवगत कराना है कि माय भारत पोर्टल के माध्यम से विकसित भारत यंग लीडर डायलोंग (VBYLD-2026) क्विज प्रतियोगिता का आयोजन 01 सितम्बर, 2025 से 15 अक्टूबर, 2025 तक 15 में 29 वर्ष के युवाओं के लिए किया जा रहा है। जिसमें देशभर से लगभग 01 करोड़ युवाओं द्वारा प्रतिभागिता की जानी है। उक्त क्विज प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले सभी युवाओं का माय भारत पोर्टल के माध्यम से प्रमाण पत्र एवं चयनित शीर्ष 10 हजार युवाओं को माय भारत Goodies (माय भारत किट) प्रदान की जाएगी। उक्त सन्दर्भ में प्राचार्य/कार्यक्रम अधिकारी अपने महाविद्यालय प्रत्येक इकाइयों को निर्देशानुसार बैनर (प्रारुप संलग्न) के साथ आवश्यक हेल्प डेस्क के माध्यम से व्यापक प्रचार–प्रसार करते हुए 15 से 29 वर्ष अधिकतम युवाओं की विकसित भारत यंग लीडर डायलॉग (VBYLD-2026) क्विज प्रतियोगिता सुनिश्चित करें।

अतः उक्त के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि समस्त महाविद्यालय के प्राचार्य/कार्यक्रम अधिकारी माय भारत पोर्टल के माध्यम से विकसित भारत यंग लीडर डायलॉग(VBYLD-2026) क्विज प्रतियोगिता का आयोजन 01 सितम्बर, 2025 से 15 अक्टूबर, 2025 तक अधिकतम युवाओं को माय भारत पोर्टल पर पंजीकृत व क्विज प्रतियोगिता में प्रतिभाग कराने का कष्ट करें। उक्त के कार्यवाही की रिपोर्ट की सूचना भारत सरकार, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय लखनऊ के ई–मेल nssrclucknow@yahoo.com पर एवं शासन के ई–मेल upsno.luck@gmail.com पर तथा कार्यक्रम समन्वयक वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर के ई–मेल nssvbspu.jnp@gmail.com पर प्रेषित करें।

संलग्नकः यथोक्त।

भवदीय

डॉ0(राज बहादुर यादव)
कार्यक्रम समन्वयक

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

7. निजी सचिव कुलपति जी, मा0 कुलपति महोदया के संज्ञानार्थ।
8. क्षेत्रीय निदेशक, भारत सरकार, युवा कार्यक्रम एवं खेल मत्रालय, रा0से.यो. क्षेत्रीय निदेशालय, हाल नं.–1, आठवां तल, केन्द्रीय भवन, सेक्टर–एच, अलीगंज, लखनऊ।
9. विशेष कार्याधिकारी एवं राज्य सम्पर्क अधिकारी, उच्चशिक्षा(रा0से0यो0को0)विभाग, उ0प्र0शासन, लखनऊ।
10. वित्त अधिकारी, वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर।
11. कुलसचिव, वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर।
12. वेव मास्टर को इस आशय के साथ प्रेषित कि उपरोक्त् सूचना विश्वविद्यालय की वेवसाइट एन0एस0एस0 पोर्टल पर अपलोड करने का कष्ट करें।

डॉ0(राज बहादुर यादव)